अडूकिया स्कूल में हुआ 'हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम आयोजित

सीमा सन्देश संवाददाता

चिड़ावा। शहर मे आज श्री जमनादास अडूकिया राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चिड़ावा में सविधान दिवस 2025 अभियान में लोकतंत्र की भावना का विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसके मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमादत्त झाझड़िया थे।

संस्था प्रधान प्रदीप मोदी ने बताया कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार आज आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया तथा सभी स्टाफ सदस्यो,अभिभावकों और विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में निबंध लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा संविधान की प्रस्तावना का इतिहास और 26 नवंबर 1949 को संविधान बनकर तैयार होने की सभी जानकारियां प्रदान की। एवम वर्तमान में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में सभी को इछड का सहयोग करने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य नरेंद्र प्रताप सिंह वालिया, ज्योति शर्मा ,नरेंद्र झाझड़िया, उर्मिला, शांता, मनोरमा, कुसुमलता, मेघा, संजू शर्मा, बिमला कुमारी ,वरिष्ठ सहायक प्रतिभा स्वामी, राजकौर, प्रियंका, नीतू, वर्षा, हर्षिता एवम अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

कानोरिया कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

सीमा सन्देश संवाददाता

मुकुंदगढ़। कानोरिया कॉलेज की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में संविधान दिवस मनाया गया।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. बीडी शर्मा ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई तथा भारत के निर्माण में संविधान के योगदान पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए समय के साथ संविधान में हुए संशोधनों की जानकारी दी तथा उन संशोधनों की आवश्यकता को विस्तारपूर्वक समझाया। इससे पूर्व महाविद्यालय प्रांगण में स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' का वाचन किया।

संविधान दिवस मनाया

सीमा सन्देश संवाददाता

ज्ञान विहार पी.जी. कॉलेज

नवलगढ़। कस्बे में साइंस पार्क रोड स्थित ज्ञान विहार पी.जी.कॉलेज नवलगढ़ में बुधवार को कॉलेज एन.एस.एस. इकाई के द्वारा संविधान दिवस मनाया गया ।

एन.एस.एस. प्रभारी राजवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम कॉलेज के निदेशक अनिल जाखड़ के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनिल जाखड़ ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर जगदेव सैनी व समाज शास्त्र की प्रोफेसर किरण कुमारी थीं। दोनों ने भारत के संविधान के बारे में विस्तार से बताया।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल जाखड़ ने कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। भारतीय संविधान लिखने के लिए संविधान सभा का गठन किया गया था, जिसके अध्यक्ष डॉ.राजेन्द्र प्रसाद थे और संविधान सभा की देखरेख में संविधान निर्मात्री समिति ने भारत का संविधान लिखा। संविधान निर्मात्री समिति का अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर को बनाया गया। डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में 2 वर्ष 11 माह और 8 दिन में भारत का संविधान लिखकर तैयार किया गया। जिसको 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा को सुपुर्द कर दिया गया। इस प्रकार से भारत का विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान तैयार हुआ। भारत के इस संविधान को 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी के प्रोफेसर और एन एस एस प्रभारी राजवीर सिंह ने किया।

» न्यूज-ब्रीफ

डॉ. भीमराव अंबेडकर समता संस्थान द्वारा गरीब को पक्का आशियाना बना देगी

सीमा सन्देश संवाददाता

पिलानी। डॉ भीमराव अंबेडकर समता संस्थान पिलानी संविधान दिवस के उपलक्ष पर कस्बा पिलानी वार्ड नंबर-33 के निवासी सुरेश तनाव(मेघवाल) जिसके परिवार में चार बेटियां हैं तथा इस गरीब परिवार कि आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय है को जन सहयोग से एक पक्का आशियाना बना कर देने निर्णय लिया है। जिसकी बुधवार दिनांक -- ? 26 नवंबर 25 संविधान दिवस पर स्वयं सेवी संस्था के संस्थापक मास्टर शंभू दयाल जी के सानिध्य एवं मुर्तिकार मातु राम वर्मा, जगदीश प्रसाद शर्मा, डॉ करण बेनीवाल, डॉ अनिता बुडानिया व संस्थान के अध्यक्ष डॉ हरिसिंह सांखला के आतिथ्य में विधिवत पूजा अर्चना के साथ पक्के मकान कि नींव रखी।

गोमती कॉलेज में संविधान दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

सीमा सन्देश संवाददाता

बड़ागांव। गोमतीदेवी शिक्षण संस्थान बड़ागांव में संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय के निदेर्शानुसार देश की आजादी के बाद डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों और विचारों का व्यावहारिक स्तर पर क्रियान्वयन विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक सेविकाओं, एनसीसी कैडेट्स और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं बीएड के प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भारतीय संविधान से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. निधि शेखावत ने छात्र-छात्राओं को संविधान को अनुपम धरोहर बताते हुए इसके नियमों पर चलने के लिए बल दिया। आईक्यूएसी कोर्डिनेटर रविंद्र झाझड़िया ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया।

विधायक राजेंद्र भांबू ने फिर मारी बाजी

सीमा सन्देश संवाददाता

झुंझुनूं। हाल ही में राज्य सरकार ने जिले में करीब 66 नई ग्राम पंचायतों का गठन किया है। जिसमें विधायक राजेंद्र भांबू के प्रयासों से चिड़ावा पंचायत समिति के नारनौद मालीगांव को भी नई पंचायत बनाया गया है। नारनौद मालीगांव, विधायक राजेंद्र भांबू का खुद का गांव है। इसलिए इस गांव को पंचायत बनाने में विधायक भांबू का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसलिए गांव के लोगों ने भांबू का गांव में सम्मान किया। इस मौके पर गांव के लोगों को विधायक भांबू ने पंचायत भवन के लिए जमीन उपलब्ध करवाने का निवेदन किया। जिस पर लालाराम भांबू व उम्मेदाराम चाहर के परिवार की पांचवीं पीढ़ी महावीर भांबू, हनुमान चाहर, मेजर सूबेदार धर्मपाल भांबू, रामकुमार, रामसिंह चाहर आदि ने पांच बीघा जमीन पंचायत भवन के लिए देने की घोषणा की। इस घोषणा के बाद भांबू ने एक और नई शुरूआत करने में कामयाबी हासिल की है।

सीबीएसई संबद्धता वाले राज्य भर व हरियाणा से प्रतिष्ठित स्कूलों ने लिया भाग

डीपीएस में अन्तर विद्यालयी अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता

सीमा सन्देश संवाददाता

झुंझुनूं। झुंझुनूं स्थित डूण्डलोद पब्लिक स्कूल में बुधवार को अन्तर विद्यालयी अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें सीबीएसई संबद्धता वाले राजस्थान व हरियाणा के पच्चीस प्रतिष्ठित स्कूलों ने भाग लिया। जिसका विषय ह्यड्रीम ऑफ इण्डिया टू बी ए ग्लोबल लीडर कैन बी एचिवड थ्रु बिंग वॉकल फॉरह्य था।

मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा रहे। प्रतियोगिता की अध्यक्षता बी.एल. रणवाँ, सचिव, डूण्डलोद शिक्षण संस्थान ने की। प्राचार्य डॉ सतबीर सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में राज्यभर से तथा हरियाणा से प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।पक्ष में प्रथम स्थान पर अस्मी, गुढ़ा इंटरनेशनल स्कूल, गुढ़ा गौड़जी, द्वितीय स्थान पर मानसी शर्मा टैगोर पब्लिक स्कूल, गुढ़ा गौड़जी, तृतीय स्थान पर यासिका शर्मा, यूरो इंटरनेशनल स्कूल, सीकर रहे। जबकि विपक्ष में प्रथम स्थान पर नियान्त्रा, मोदी स्कूल, लक्ष्मणगढ़, द्वितीय स्थान पर लक्ष्य चौधरी, सैनिक स्कूल, दोरासर, झुंझुनूं तथा तृतीय स्थान पर प्रियंका चौधरी, डूण्डलोद पब्लिक स्कूल, डूण्डलोद रहे। विदित रहे कि आयोजक स्कूल के विद्यार्थियों ने इसमें भाग तो लिया पर प्रतियोगिता को निष्पक्ष रूप देने के लिए उनके प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर विजेता घोषित नहीं किया गया। प्रथम पुरस्कार के रूप में दोनों पक्षों को अलग-अलग 7,100 रुपए, द्वितीय में 5,100 रुपए, तृतीय में 3,100 रुपए तथा शेष सभी प्रतियोगियों को 500 रुपए नगद के साथ स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। निर्णायकगण की भूमिका में डॉ दलिप सिंह, प्राचार्य, एकलव्य मॉडल रेजिडेंटल स्कूल, चिन्तूर, जिला अलुरी सीथारामा राजू, (आंध्र प्रदेश) तथा सुरेन्द्र सिंह, उप प्रधानाचार्य, महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम सीनियर सैकण्डरी स्कूल, माकरा, सिंघाना थे। इस अवसर पर स्कूल मैनेजिंग कमेटी सदस्य सुभाष, ओवर ऑल इंचार्ज लीलावती एवं सभी अध्यापकगण भी मौजूद थे। निकिता कक्षा 8वीं ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच का संचालन अध्यापक अरूलराज अबनेजर के निर्देशन में अनुशा तथा जैसमिन निकिता कक्षा 8वीं ने किया।

भगेरिया परिवार की सामाजिक पहल

मशीन नंदी शाला को भेंट

चिड़ावा। शहर में बुधवार को भगेरिया परिवार ने गोसेवा के क्षेत्र में एक सराहनीय कदम बढ़ाते हुए नंदी शाला में बीमार गोवंश के उपचार के लिए विशेष मशीन भेंट की। इस पहल से अब घायल और बीमार गौ माता के उपचार में होने वाली दिक्कतें काफी हद तक कम होंगी। भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष ललित भगेरिया ने बताया कि मशीन उपलब्ध होने से उपचार प्रक्रिया अब अधिक सुगम और प्रभावी हो सकेगी। उन्होंने कहा कि यह उपकरण गोवंश की सेवा और संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गौ रक्षक दल ने इस मानव सेवा और गोसेवा से जुड़े कार्य की भूरीझभूरी प्रशंसा की तथा इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर पार्षद अंकित भगेरिया, शशिकांत चेजारा, ओमप्रकाश कुठाणिया, परसराम सैनी, श्यामसुंदर शर्मा, बिलु चनानिया, प्यारेलाल जांगिड़, उत्तम जांगिड़, चीकू कुठाणिया, इशू भगेरिया, शशिकांत कुठानिया, राकेश स्वामी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सूचना

मैं मांगेलाल पुत्र श्री नागर राम यह है कि विकास कुमार मेरा जायन्दा पुत्र है जो बालिग है तथा जो मेरे कहे में नहीं है तथा जो दूसरों की बातों में आकर 2 वर्षों से हमसे अलग रहता है और न ही हमें किसी प्रकार का खर्चा या मदद करता है जिससे हम अपना गुजारा कर सके और हमें मानसिक प्रताड़ित करता है व लड़कीबाजी करता है। जिससे घर पर हर समय क्लेश का माहौल रहता है। मैंने मेरे पुत्र की उक्त हरकतों से परेशान होकर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। अब से विकास कुमार का मेरी चल व अचल सम्पति में कोई हक हिस्सा नहीं है तथा उक्त विकास कुमार किसी के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार, लेन देन करता है, रिश्ता रखता है या किसी प्रकार के आपराधिक मुकदमें में लिप्त पाया जाता है तो उसमें मेरी कोई जवाबदारी नहीं होगी।

मांगेलाल पुत्र श्री नागर राम, निवासी जखोड़ा, तहसील चिड़ावा, जिला झुंझुनूं राज.

पपुरना गांव से गायब 13 साल का बालक सीकर में मिला

सीमा सन्देश संवाददाता

झुंझुनूं। जिले के खेतड़ी थाना इलाके के पपुरना गांव से करीब 10 दिन पहले लापता हुए 13 साल के बालक को लेकर अच्छी खबर मिली है। यह बालक सीकर में सकुशल मिला है। जिसके बाद झुंझुनूं पुलिस ने बालक को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। लापता बालक की तलाश के लिए झुंझुनूं एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने ना केवल एसआईटी का गठन किया था। बल्कि झुंझुनूं पुलिस ने संबंधित इलाके के 600 से 700 कैमरे तक खंगाल लिए थे। लेकिन सोशल मीडिया पर लापता बालक की वायरल फोटो के बाद सफलता मिली। जिसमें पपुरना गांव के समीप के ही मूल निवासी और सीकर सदर सीआई इंद्राज मरोड़िया की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

भूकर ने सुनी पिलानी रोड के दुकानदारों की समस्या

सीमा सन्देश संवाददाता

स्थानीय लोगों ने किया सराहना

चिड़ावा। पिलानी रोड से शहर की ओर आने वाले मार्ग पर लंबे समय से टूटी सड़क और धूल के गुबार से परेशान स्थानीय लोगों और दुकानदारों को अब राहत मिल गई है। सड़क की बदहाल स्थिति को देखते हुए भाजपा नेता सुरेश भूकर आगे आए और अपने प्रयासों से मार्ग पर पैचवर्क कार्य शुरू करवाया। कार्य पूरा होने के बाद सड़क काफी हद तक दुरुस्त हो गई है, जिससे दैनिक आवाजाही करने वाले राहगीरों को बड़ी सुविधा मिली है। स्थानीय दुकानदारों और निवासियों ने बताया कि सड़क पर उठने वाली धूल से व्यापार पर भी असर पड़ रहा था। ऐसे में भूकर की पहल से उन्हें राहत मिली है। लोगों ने कहा कि जनता की समस्या को समझकर समाधान करवाना वास्तव में सराहनीय और जनहित का कार्य है। सुरेश भूकर ने बताया कि यह सड़क काफी समय से क्षतिग्रस्त थी, जिससे आमजन को परेशानी हो रही थी। इसलिए लोगों की सुविधा के लिए यह छोटा सा प्रयास किया गया है, ताकि सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित हो सके। काम की शुरूआत के दौरान युवा उद्यमी दिनेश दाधीच सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिलानी चौराहे से मंड्रेला मोड़ तक पूरा रास्ता दुरुस्त किया गया है और अब आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी युवा नेता सुरेश भूकर शहर के मुख्य मार्गों पर गड्ढे भरवाकर लोगों के बीच लोकप्रियता हासिल कर चुके हैं।

सर्दी से बचाव के लिए स्वेटर बांटे

सीमा सन्देश संवाददाता

झुंझुनूं। महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा अखिलेश कुमार एवं दुगार्देवी जिला शिक्षा अधिकारी पिपराली सीकर के आर्थिक सौजन्य से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लूमास में 66 जरूरतमंद छोटे नन्हें बच्चों को गरम स्वेटर वितरण की गई एवं पोषाहार बनाने वाली बहनों को गर्म शाल वितरण किए। उपरोक्त कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा, एसीबीओ मंडावा दामोदर जांगिड़, प्रिंसिपल कैलाशचंद्र जांगिड़, प्रदीपकुमार शुक्ला, देवेंद्र कुमार गौड़, ओमप्रकाश ककरानिया, सुभाषचंद्र जोशी, अकराज कुरैशी, सुमन कुमारी, अनु कुमारी, कैलाशचंद्र शर्मा, प्रतिभा पूनियां, सुरजीत सिंह, राजपाल सिंह, सुशीला कुमारी, रुचिका, संजय शर्मा, मोनिका देवी, मंजू शर्मा एवं काफी संख्या में ग्रामवासी स्कूल स्टाफ व वीर वीराएं उपस्थित रहे। ऋषभ ने सभी का आभार प्रकट किया। स्कूल प्रिंसिपल ने संस्था पदाधिकारीयों का माला दुपट्टा पहनाकर मोमेंटो के साथ स्वागत किया।

पावरग्रिड POWERGRID

सूचना

1. विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79 (1) (डी) के साथ धारा 62 के तहत और केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (व्यवसाय का संचालन) विनियम, 2023 के विनियमन 15 (1) (ए) और विनियमन 23 के तहत 2019–24 के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ के ट्रूइंग–अप और 2024–29 टैरिफ ब्लॉक **"उत्तरी क्षेत्र में सुदृढ़ीकरण योजना के लिए संयुक्त परिसंपत्ति"** के लिए सीईआरसी (व्यवसाय का संचालन) विनियम 1999 और सीईआरसी (टैरिफ के नियम और शर्तें) विनियम 2019 के विनियमन–86 के तहत अनुमोदन, केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (टैरिफ के नियम और शर्तें) विनियम, 2014, केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (टैरिफ के नियम और शर्तें) विनियम, 2019 और केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (टैरिफ के नियम और शर्तें) विनियम, 2024 के साथ
2. उपरोक्त ट्रांसमिशन प्रणाली के संयुक्त परिसंपत्तियों के निम्न हिताधिकारी हैं : (क) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ख) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ग) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (घ) पंजाब स्टेट पॉवर कार्पोरेशन लिमिटेड (ङ) हरियाणा पॉवर परचेज सेंटर (च) जम्मू एवं कश्मीर पॉवर कार्पोरेशन लिमिटेड (छ) उत्तर प्रदेश पॉवर कार्पोरेशन लिमिटेड (ज) बीएसईएस यमुना पॉवर लिमिटेड (झ) बीएसईएस राजधानी पॉवर लिमिटेड (ञ) टाटा पॉवर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (ट) चंडीगढ़ इलेक्ट्रिसिटी विभाग (ठ) उत्तरांचल पॉवर कार्पोरेशन लिमिटेड (ड) नार्थ सेंट्रल रेलवे (ढ) नई दिल्ली म्युनिसिपल कॉऊन्सिल (ण) हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड।
3. टैरिफ विवरण :

क) 2019-24 ब्लॉक — ₹ लाख में

सम्पत्ति विवरण	31.03.2024 को पूर्णता लागत		2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
संयुक्त परिसम्पत्ति	9359.58	एफसी द्वारा स्वीकृत	1675.08	1668.85	1686.35	1695.36	1664.10
		ट्रूइंग–अप के आधार पर संशोधित एफसी	1672.36	1656.29	1639.91	1647.31	1654.87

ख) 2024-29 ब्लॉक — ₹ लाख में

सम्पत्ति विवरण	31.03.2024 को पूर्णता लागत		2024-25	2025-26	2026-27	2027-28	2028-29
संयुक्त परिसम्पत्ति	9359.58	एफसी का दावा	1590.01	1553.61	1531.61	1510.87	1492.20

4. टैरिफ सुनियोजित करने हेतु आवेदन की एक प्रति को आवेदक की वेबसाइट **www.powergridindia.com** पर लगाया गया है।
5. किसी भी व्यक्ति को, हितकारी सहित टैरिफ सुनिश्चित करने के प्रस्ताव पर सलाह तथा आपत्तियाँ, अगर हो, तो कमीशन के ई–फॉइलिंग पोर्टल द्वारा अथवा लिखित रुप में सचिव, सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी रेग्युलेटरी कमीसन, छठां, सातवां, आठवां तल, टॉवर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029 (या अन्य पता जहां कमीशन का कार्यालय स्थित है) के समक्ष, आवेदन के लिए एक प्रति के साथ उसके निगमित कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशित होने के 30 दिनों के भीतर दर्ज किया जा सकता है।

स्थान : गुरुग्राम
दिनांक : 27.11.2025
हस्ता/–
महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
निगमित कार्या. : 'सौदामिनी', प्लॉट सं.–2, सैक्टर–29, गुड़गांव, हरियाणा–122001, फोन : 0124-2571700-719
पंजीकृत कार्यालय : बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016, फोन : 011-26560112, 26560121
वेबसाइट : www.powergrid.in, सीआईएन : L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

PG/CC/Notice-64/Advt.-79/2025-26 Chiranjit

महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया

सीमा सन्देश संवाददाता

पिलानी। श्रीमती इंद्रमणि मंडेलिया शिक्षा निकेत महाविद्यालय, पिलानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ,राष्ट्रीय केडिट कोर इकाई तथा ताल्लुका विधिक सेवा समिति, न्यायालय पिलानी के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस मनाया । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता ताल्लुका विधिक सेवा समिति की सचिव ट्विंकल पंवार रहीं तथा अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने की ।प्राचार्य डॉ. कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि सभी को अपने अधिकारों के साथ साथ अपने कर्तव्यों का भी ज्ञान होना चाहिए। मुख्य वक्ता ट्विंकल पंवार ने बताया कि आज के समय में भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त नागरिक अधिकारों के प्रति प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना चाहिए । विधिक सेवा समिति आमजन की सहायता के लिए सदैव तत्पर है । वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल कालिया ने अपने अधिकारों हेतु की जाने वाली कार्यवाही की प्रक्रिया को समझाया। महाविद्यालय उपप्राचार्या डॉ दीप्ति कौशिक ने सभी का आभार प्रकट किया ।

महत्वपूर्ण पहल — एनटीपीसी ने फिजिकल साइंस, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के लिए

विद्यालय में अत्याधुनिक विज्ञान किट उपलब्ध करवाए

सीमा सन्देश संवाददाता

नवलगढ़। एनटीपीसी ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सी एस आर) के अंतर्गत शाहपुरा के माजीपुरा स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) में फिजिकल साइंस, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के लिए अत्याधुनिक विज्ञान किट उपलब्ध करवाकर छात्रों को आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा से जोड़ने की महत्वपूर्ण पहल की है। नवीन विज्ञान किटों से सुसज्जित इस प्रयोगशाला का शुभारंभ श्रीराम किशोर बैरवा सीबीईओ शाहपुरा, विद्यालय प्रधानाचार्य संजय डाडैया तथा सोशल डेवलपमेंट एंड हेरिटेज एंड वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन फाउंडेशन के निदेशक डॉ. शंकरलाल सैनी सहित अन्य विशिष्ट अतिथि विद्याधर गोदारा , रामस्वरूप घोंसल्या, जगदीश प्रसाद शर्मा एसएमसी अध्यक्ष ने फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर श्रीराम किशोर ने बताया कि एनटीपीसी ने विज्ञान शिक्षा को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रयोगशाला उपकरण, माप-यंत्र, मॉडल, माइक्रोस्कोप, स्लाइड्स तथा विभिन्न वैज्ञानिक सामग्री प्रदान की है। उन्होंने कहा कि इन उपकरणों के माध्यम से विद्यार्थी अब सिद्धांतों को केवल पढ़ेंगे नहीं, बल्कि स्वयं प्रयोग करके गहराई से समझ सकेंगे। यह पहल विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, विश्लेषण क्षमता और समस्या समाधान कौशल को मजबूत करेगी।

विद्यालय शिक्षकों ने भी बताया कि प्रयोगात्मक सामग्री उपलब्ध होने से छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि तेजी से बढ़ी है और उनकी अवधारणात्मक समझ पहले की तुलना में कहीं अधिक सुदृढ़ हो रही है।

कार्यक्रम में उपस्थित इंजीनियर असरार अहमद, इंजीनियर नवीन निसार बारूदगर, पुष्करलाल सैनी, विद्यालय स्टाफ छिगन लाल मौर्य,विनय कुमार मीणा, मनोज कुमार यादव, सरिता सैनी, नीरज शर्मा, विजय, इंदर सिंह, अरविंद , महावीर जीत था बड़ी संख्या में बच्चे शामिल रहे।

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
GRIHUM HOUSING FINANCE — Apna Ghar. Apni Pehchan.
पंजीकृत कार्यालय: छठी मंजिल, बी बिल्डिंग, गंगा टूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014 ब्रांच ऑफ यूनिट: पहली मंजिल, 1-सी-18, एसएफएस, शीला चौधरी रोड, तलवंडी, कोटा, राजस्थान-324007
ई-नीलामी-बिक्री सूचना

सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल आस्ति की बिक्री के लिए ई नीलामी विक्रय सूचना

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002(अधिनियम) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 व 9 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा जनसामान्य को और विशेष रूप से ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**(इसके बाद अधिनियम के अनुसार 'सुरक्षित लेनदार' के रूप में संदर्भित किया है) के पास बंधक रखा है, जिसका कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन नोटिस की पालना में अधिनियम की धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित(प्रवर्तन) नियम के नियम 8 व 9 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राप्त कर लिया है।
सुरक्षित आस्तियों को ई-नीलामी के माध्यम से 08.12.2025 को 'जो है जहां है', 'जो है क्या है' और 'वहां जो भी है'के आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट: https://www.bankeauctions.com. पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया जीएचएफएल/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना दिनांक और बकाया राशि (बी)	कब्जे का प्रकार(सी)	संपत्ति का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि(जी)	बोली वृद्धि (एच)	सम्पत्ति निरीक्षण तिथि व समय (आई)	नीलामी की तिथि और समय (जे)	ज्ञात भार/कोर्ट केस, यदि कोई हो, (के)
ऋण सं. HL001991-00000005039250 अजय सिंह भदौरिया (ऋणधारक) सुनीता सिंह भदौरिया (सह-ऋणधारक) संगीता खाचेरू (सह-ऋणधारक)	नोटिस दिनांक: 07.01.2025 कुल बकाया: रु. 2617591/- (केवल छब्बीस लाख सतरह हजार पांच सौ इक्यानवे रुपये) 07.01.2025 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक 12.5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	खसरा संख्या 832/571, 572, ग्राम रंगतालाब उर्फ कालातालाब, तहसील लाडपुरा, जिला कोटा पर स्थित प्लॉट संख्या 42, पार्वती एन्क्लेव पर मकान के समस्त खण्ड व हिस्से, नाप 800 वर्ग फीट और प्लॉट की सीमाएँ: पूर्व- प्लॉट संख्या 37, पश्चिम- सड़क 30 फुट, उत्तर - प्लॉट संख्या 40 और 41, दक्षिण - प्लॉट संख्या 43	रु. 2581250/- (रुपये पच्चीस लाख इक्यासी हजार दो सौ पचास मात्र)	रु. 258125/- (रुपये दो लाख अठावन हजार एक सौ पच्चीस मात्र)	27.12.2025 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	23.12.2025 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	29.12.2025 (प्रातः 11- सायं 2)	निल
ऋण सं. LAP00622-00000005041592 एवं HL00062200000005041181 ओम प्रकाश (ऋणधारक) राधा देवी (सह-ऋणधारक)	नोटिस दिनांक: 10.05.2025 LAP00622-00000005041592 के लिए राशि : रु. 354360/- (रुपये तीन लाख चौवन हजार तीन सौ साठ मात्र) और HL00062200000005041181 के लिए राशि : रु. 961532/- (रुपये नौ लाख इकसठ हजार पांच सौ बत्तीस मात्र) 10.05.2025 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक 15.35 % और 13.35 % प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	प्लॉट संख्या 42, खसरा संख्या 968/52, ग्राम कपर्दा, बिलाड़ा, जिला जोधपुर (जिसे आगे उक्त संपत्ति कहा जाएगा) के समस्त खण्ड व हिस्से प्लाट की सीमाएं: उत्तर:- प्लॉट संख्या 41 दक्षिण:- प्लॉट संख्या 43 पूर्व:- अन्य खसरा भूमि पश्चिम:- रास्ता क्षेत्र 225 वर्ग यार्ड्स	रु. 1234407/- (रुपये बारह लाख चौंतीस हजार चार सौ सात मात्र)	रुपये 123440.70/- (रुपये एक लाख तेईस हजार चार सौ चालीस व पैसे सत्तर मात्र)	27.12.2025 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	23.12.2025 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	29.12.2025 (प्रातः 11- सायं 2)	निल

**इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी स्वयं की पूछताछ करें और अतिरिक्त शुल्क, भारों और किसी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोलियां जमा करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें। सभी वैधानिक बक